**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-36 का उत्तर।**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 36 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के दुबग्गा के फरीदीपुर नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले वार्ड न्यू फरीदीपुर में गली नं0-12 कालोनी की सड़क अभी तक कच्ची है, जिसके कारण वहाँ जलभराव की समस्या बनी रहती है ? | जी हाँ।<br>प्रश्नगत स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरान्त यह पाया गया कि न्यू फरीदीपुर में गली नं0-12 कालोनी की सड़क कच्ची है।<br>प्रश्नगत कालोनी प्राइवेट सोसाइटी/ कॉलोनाईजर द्वारा अनधिकृत रूप से बसायी गयी है, जिसका तलपट मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं है। ऐसी कॉलोनियों के विकास का प्रथम दायित्व संबंधित सोसाइटी/ कॉलोनाईजर का होता है, फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अपने सीमित संसाधनों से प्राथमिकता निर्धारित करते हुए समय-समय पर विकास कार्य कराये जाते हैं।<br>प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता तथा स्थानीय निकाय के निर्णय पर निर्भर है। |
| (ख) क्या उक्त वार्ड में नाली एवं सीवर की समस्या है ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) क्या जनहित में उक्त समस्याओं का निदान करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री,**
**नगर विकास विभाग।**